निवेदिता शुक्ला वर्मा
NIVEDITA SHUKLA VERMA
सचिव
SECRETARY

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग
पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES & PENSIONS
DEPARTMENT OF ADMINISTRATIVE REFORMS & PUBLIC GRIEVAN
DEPARTMENT OF PENSION & PENSIONERS' WELFARE



संदेश

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितंबर का दिन हम सब के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि 14 सितंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि स्वतंत्र भारत की राजभाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी होगी। इस प्रकार सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना हमारा संवैधानिक दायित्व है।

माननीय राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह जी के तत्वावधान में, विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पेंशन अदालत, सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श, राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार, विभिन्न राष्ट्रव्यापी अभियानों आदि में राजभाषा हिंदी को माध्यम रख कर और विभिन्न सत्र हिंदी में ही आयोजित करके, हिंदी को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। विभाग राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रति सदैव गंभीर रहा है और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के संबंध में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा विभाग को तीन बार राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिलना इन्हीं सार्थक प्रयासों को परिलक्षित करता है।

बड़े गर्व की बात है इस वर्ष भी विभाग को द्वितीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2025-26 प्राप्त हो रहा है। आप सब बधाई के पात्र हैं। हिंदी का प्रयोग आत्मगौरव और संवैधानिक दायित्व है। इसे औपचारिकता नहीं, संस्कृति बनाना होगा और सबसे महत्वपूर्ण वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होगा, तभी अधीनस्थ कार्मिकों में उत्साह और प्रेरणा का संचार होगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सच्चे समर्पण के साथ राजभाषा हिंदी के प्रति लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे।

जय हिन्द!

निवेदिता 3.9.20

(निवेदिता शुक्ला वर्मा)

Room No. 513, 5th Floor, Sardar Patel Bhawan, Sansad Marg, New Delhi-110001
Ph. : 91-11-23742133, 23340008, Email : secy-arpg@nic.in
Department Websites : https://darpg.gov.in, https://doppw.gov.in